दिनांकः 24/02/2023

प्रकाशनार्थ

**अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता विशाल दुबे को मिला कांस्य पदक।**

गुरु काशी विश्वविद्यालय भटिंडा पंजाब में आयोजित की जा रही अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के बी ए तृतीय सेमेस्टर के छात्र विशाल दुबे ने 105 किलो भार वर्ग में 795 किलो का वजन उठाते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया है। साथ ही इसी भारवर्ग में विश्वविद्यालय के बी ए तृतीय सेमेस्टर के दूसरे छात्र अभिषेक दूबे को इस प्रतियोगिता में चौथा स्थान प्राप्त हुआ है। उक्त दोनों खिलाड़ियों का चयन अप्रैल–मई माह में आयोजित होने वाले खेलो इंडिया विश्वविद्यालय प्रतियोगिता 2022–23 के लिए भी उनके प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में मिलने वाला यह विश्वविद्यालय का पहला पदक है।

विश्वविद्यालय कैंपस के उक्त दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रोफेसर राजेश सिंह, क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष प्रोफेसर राम आसरे सिंह, शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रोफेसर विजय चहल तथा डॉ राजवीर सिंह जी के साथ–साथ विश्वविद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक कर्मचारियों ने विश्वविद्यालय की पावर लिफ्टिंग की टीम के खिलाड़ियों तथा विश्वविद्यालय के खेल सचिव तथा पावर लिफ्टिंग टीम के मैनेजर डॉक्टर बृजेश कुमार को बहुत–बहुत बधाई तथा शुभकामनाएं दी हैं तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

**Mahendra Kumar Singh**
Media and Public Relations Officer
Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur
University, Gorakhpur